भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं.383

06 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत किफायती आवास

383. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या किफायती आवास उपलब्ध करवाना स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के प्राथमिक लक्ष्यों में से एक है, यदि हाँ, तो किसी परियोजना को किफायती आवास के रूप में वर्गीकृत करने के लिए एससीएम में क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं; और

(ख) क्या एससीएम द्वारा स्मार्ट सिटी योजनाकारों के लिए एलआईजी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु एक न्यूनतम संख्या में मकानों का निर्माण करना अनिवार्य किया गया है ?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) आरंभ किया था। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। स्मार्ट सिटीज मिशन की दोहरी कार्यनीति है जिसमें क्षेत्र आधारित विकास (एबीडी) और पैन सिटी विकास शामिल हैं। स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत क्षेत्र आधारित विकास के प्रकार हैं - शहर सुधार (रेट्रोफिटिंग), शहर नवीकरण (पुनर्विकास) और शहर विस्तार (हरित क्षेत्र विकास)। स्मार्ट सिटीज़ मिशन के अंतर्गत क्षेत्र आधारित विकास पर समग्र कार्य के तहत स्लम पुनर्विकास सहित किफायती आवास को अवसंरचना के तत्वों में से एक के रूप में आरंभ किया गया है। 27 जनवरी 2023 की स्थिति के अनुसार स्मार्ट शहरों में शुरू किए गए स्लम पुनर्विकास के कार्य अनुलग्नक I के रूप में संलग्न हैं।

इसके अतिरिक्त, 'भूमि' और 'कालोनीकरण' राज्य के विषय हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, 'सभी के लिए आवास' विज़न के तहत, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत पात्र परिवारों/लाभार्थियों के लिए आवासों के निर्माण हेतु केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को पूरा करने में सहायता करता है। पात्र लाभार्थी पीएमएवाई-यू का लाभ चार घटकों अर्थात् लाभार्थी-आधारित निर्माण या वृद्धि (बीएलसी); साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी); 'स्व-स्थाने' स्लम पुनर्विकास (आईएसएसआर) और ऋण संबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के माध्यम से उठाते हैं। 31.03.2022 तक स्वीकृत आवासों को पूरा करने के लिए योजना को सीएलएसएस घटक को छोड़कर 31.12.2024 तक बढ़ा दिया गया है। स्वीकृत आवासों में से 107.55 लाख आवासों का निर्माण कार्य आरंभ किया गया है; जिनमें से 68.02 लाख आवास पूर्ण किए गए/लाभार्थियों को सुपुर्द किए जा चुके हैं।

****

स्मार्ट सिटीज़ मिशन (एससीएम) के तहत किफायती आवास के संबंध में श्री एस निरंजन रेड्डी, माननीय सांसद द्वारा पूछे गए 06.02.2023 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 383 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत स्लम विकास परियोजनाएं

क्र.संQ	राज्य	स्मार्ट शहर	परियोजना	लागत (करोड़ रू. में)	लक्ष्य
1	आंध्र प्रदेश	काकीनाड	ज्योति राव फूले नगर, संजय नगर, सांबामूर्ति नगर फेज़-Vमें स्लमों का विकास	3.30	कार्य पूर्ण
2	आंध्र प्रदेश	काकीनाड	डेयरी फार्म के पास राजीव जंक्शन फेस II में स्लमों का विकास	5.65	कार्य पूर्ण
3	आंध्र प्रदेश	काकीनाड	वडापेट, पल्लीपेट फेस I में स्लमों का विकास	4.85	कार्य पूर्ण
4	आंध्र प्रदेश	काकीनाड	डी मार्ट के पास येतीमोगा और रेल्लीपेट में राजीव स्वग्रुहा फेस III में स्लमों का विकास	5.80	कार्य पूर्ण
5	गुजरात	वडोदरा	स्लम मुक्त क्षेत्र- ऑड नगर	9.17	कार्य पूर्ण
6	गुजरात	वडोदरा	स्लम मुक्त क्षेत्र - मंजलपुर बजनीयावास	24.76	कार्य पूर्ण
7	गुजरात	वडोदरा	स्लम मुक्त क्षेत्र -सायजीगंज जामवाड़ी	27.21	कार्य पूर्ण
8	गुजरात	वडोदरा	स्लम मुक्त क्षेत्र – दंतेश्वर साईंनाथ नगर	10.02	कार्य पूर्ण
9	गुजरात	वडोदरा	स्लम मुक्त क्षेत्र – साम संजयनगर	71.87	कार्य पूर्ण
10	हरियाणा	करनाल	आशियाना स्लम पुनर्वास	15.65	कार्य पूर्ण
11	कर्नाटक	बेलगावी	आरएवाई योजना, स्लमवासियों के लिए 1044,जी+3 आवासों का विकास	45.49	कार्य पूर्ण
12	कर्नाटक	बेलगावी	रुक्मिणी नगर में स्लम का विकास	5.32	कार्य पूर्ण
13	कर्नाटक	तुमकुरू	राजीव आवास योजना के तहत तुमकुरु शहर में 6 चयनित स्लमों में बुनियादी ढांचे सहित 1556 भूतल आवासीय इकाइयों का निर्माण	68.59	कार्य पूर्ण
14	कर्नाटक	तुमकुरू	स्लमों में अवसंरचना सुधार - सड़क और नालियों का विकास	2.65	कार्य पूर्ण
15	केरल	तिरूवनंतपुरम	एकीकृत सामाजिक आवास परिसर-स्लम परिवार-पीएमएवाई	47.90	कार्य पूर्ण
16	मध्य प्रदेश	भोपाल	एचएफए योजना के तहत भानपुर, भोपाल मध्य प्रदेश में चिन्हित स्लम इलाकों के लिए आवासों का निर्माण और अवसंरचना का विकास	111.26	कार्य पूर्ण
17	मध्य प्रदेश	इंदौर	इंदौर, म.प्र. में पीएमएवाई के तहत बड़ा बांगरदा बुढानिया और बड़ा बांगरदा एक्सटेंशन में चिन्हित	173.70	कार्य पूर्ण

क्र.संQ	राज्य	स्मार्ट शहर	परियोजना	लागत (करोड़ रू. में)	लक्ष्य
			स्लम इलाकों के लिए आवासों का निर्माण और अवसंरचना का विकास।		
18	मध्य प्रदेश	इंदौर	इंदौर में 16 स्थानों पर विभिन्न क्षेत्रों और वार्डों में स्लम सौंदर्यीकरण	10.58	कार्य पूर्ण
19	मध्य प्रदेश	इंदौर	प्रोग्रेसिव शिक्षा विद्यालय के पास सनवाडिया भाग ए में पीएमएवाई के तहत इंदौर में स्लम इलाकों के लिए आवासों का निर्माण और अवसंरचना का विकास	93.53	कार्य पूर्ण
20	मध्य प्रदेश	इंदौर	लिंबोडी खसरा नंबर 229, इंदौर मध्य प्रदेश में चिन्हित स्लम इलाकों के लिए घरों का निर्माण और बुनियादी ढांचे का विकास	27.40	कार्य पूर्ण
21	मध्य प्रदेश	इंदौर	इंदौर, मध्य प्रदेश में बड़ा बांगरदा खसरा नंबर 242 में चिन्हित स्लम इलाकों के लिए घरों का निर्माण और बुनियादी ढांचे का विकास।	44.95	कार्य पूर्ण
22	ओडिशा	राउरकेला	सीएलटीएस के माध्यम से आरएससीएल के एडीबी क्षेत्र में 27 स्लमों को ओडीएफ बनाना	0.47	कार्य पूर्ण
23	उत्तर प्रदेश	आगरा	आजीविका का पुनर्निर्माण और स्लमों का उन्नयन - स्लमों का पुनर्विकास	116.30	कार्य पूर्ण
24	उत्तर प्रदेश	अलीगढ़	9 स्लम क्षेत्रों का विकास	5.50	कार्य पूर्ण
25	उत्तर प्रदेश	झांसी	स्लमों में व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण	8.06	कार्य पूर्ण
26	आंध्र प्रदेश	काकीनाड	स्लमों का विकास (सीसी सड़कें, नालियाँ, पुलिया और प्रकाश) फेज़- IV	52.41	कार्य आदेश जारी किया गया
27	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	ए30 बिलासा ग्रीन्स - एकीकृत शहरी प्लाजा, मल्टी मॉडल हब और मिश्रित उपयोग विकास के साथ मिनी बस्ती स्लम पुनर्विकास	262.11	कार्य आदेश जारी किया गया
28	गुजरात	अहमदाबाद	जूनावडज क्षेत्र में पीपीपी आधारित स्लम पुनर्वास	539.00	कार्य आदेश जारी किया गया
29	हरियाणा	फरीदाबाद	स्मार्ट स्लम क्षेत्र रेट्रोफिटमेंट – संत नगर (9 उप-परियोजनाएं)	9.69	कार्य आदेश जारी किया गया
30	मध्य प्रदेश	इंदौर	स्लम हाउसिंग लोधा कॉलोनी और सेठी नगर में स्लम आवास - 960 इकाइयां	61.67	कार्य आदेश जारी किया गया
31	मध्य प्रदेश	इंदौर	पीएमएवाई के तहत विभिन्न साइट पैकेज 02, इंदौर में इंदौर म.प्र. में चिन्हित स्लम इलाकों के	200.72	कार्य आदेश जारी किया गया

क्र.संQ	राज्य	स्मार्ट शहर	परियोजना	लागत (करोड़ रू. में)	लक्ष्य
			लिए आवासों का निर्माण और बुनियादी ढांचे का विकास।		
32	मध्य प्रदेश	सतना	शहरी स्लम विकास	2.06	कार्य आदेश जारी किया गया
33	नागालैंड	कोहिमा	क्षेत्र पुनर्विकास कार्यनीति – स्व-स्थाने स्लम उन्नयन - स्लम पुनर्वास और पुराने आवासों का नवीकरण	28.79	कार्य आदेश जारी किया गया
34	पुडुचेरी	पुडुचेरी	चिन्नायपुरम साइट फेज 1 में स्लम के लिए आवास	18.62	कार्य आदेश जारी किया गया
35	तेलंगाना	करीमनगर	स्लम पुनर्वास	36.18	कार्य आदेश जारी किया गया
36	तेलंगाना	ग्रेटर वारंगल	स्लम क्षेत्र में कच्चे अर्ध पक्के मकानों में रहने वाले मौजूदा परिवारों के लिए आवास	81.00	कार्य आदेश जारी किया गया
37	उत्तर प्रदेश	कानपुर	एबीडी क्षेत्र में स्लम विकास	4.00	कार्य आदेश जारी किया गया
	कुल	--	--	**2236.23**	--

(स्रोत: 27 जनवरी, 2023 की स्थिति के अनुसार एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली)